# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी शाहाबाद, जिला बारां राज0
## पीठासीन अधिकारी :– राहुल कुमार मल्होत्रा (आर.ए.एस.)

राजस्व अपील संख्या 03/20 दायरा दिनांक 18.12.2020

गुलाबी उर्फ मानो पुत्री अर्जुन जाति किराड निवासी ग्राम राजपुर हाल पत्नि ईश्वरलाल किराड निवासी ढिकवानी तहसील शाहाबाद जिला बारां (राज0)
– अपीलान्ट

बनाम

1. विधा पुत्री अर्जुन जाति किराड निवासी ग्राम राजपुर हाल पत्नि नाथूलाल किराड निवासी कलोनी तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
2. मथुरा पुत्र जयगोविन्द जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
3. बावूलाल पुत्र टाको उर्फ जादों जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान –फौत
   3/1– कूंगरराज पुत्र बाबूलाल जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
   3/2– कन्हैया पुत्र बाबूलाल जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
   3/3– विन्दा पुत्री बाबूलाल पत्नि केशरी जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी नारायणखेडा तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
4. बबलू पुत्र नन्दकिशोर जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान –लाऔलाद फौत
   4/1–भगवत प्रसाद पुत्र पन्नालाल जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहावाद जिला बारां राजस्थान
5. विधाबाई पुत्री नत्थू पत्नि केसरीलाल जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी किराडपहाडी तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
6. ज्ञानी पुत्र शिवलाल जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान –फौत
   6/1– चम्पा पुत्र ज्ञानी जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
   6/2– वती पुत्री ज्ञानी पत्नि जगदीश जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी खिरखिरी तहसील कराहल जिला श्योपुर मध्यप्रदेश
7. प्रसादी पुत्र शिवलाल जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान –फौत
   7/1– गुलाब पुत्र प्रसादी जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
   7/2– मोहन पुत्र प्रसादी जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान
   7/3– जानकी पुत्री प्रसादी पत्नि सरवन जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी तिलगवां तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2023.02.13 18:56:20 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
शाहाबाद

Scanned with CamScanner

7/4– मुन्नी पुत्री प्रसादी पत्नि नकदू जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी देवरी तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

8. भमरू पुत्र कुन्जी जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान –फौत

8/1– मदन पुत्र भमरू जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

8/2– प्रेम पुत्र भमरू जाति किराड निवासी राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

8/3– बादामी पुत्री भमरू पत्नि हजारी जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी मझारी तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

8/4– गुलाबी पुत्री भमरू पत्नि मथरा जाति किराड निवासी राजपुर हाल निवासी गदरेटा तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

9. सरपंच गांम पंचायत राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां राजस्थान

10. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार शाहावाद जिला बारां राजस्थान

– रेस्पो.

अपील विरूद्ध फौती नामान्तरण नम्बर 362 ग्राम राजपुर निर्णय अधीनस्थ न्यायालय सरपंच ग्राम पंचायत राजपुर तहसील शाहाबाद जिला बारां (राजस्थान)

<u>निर्णय–दिनांक 12.11.2022</u>

उपस्थित–

1. अपीलाण्ट की ओर से–श्री हेमराज नामदेव अभिभाषक
2. रेस्पो. की ओर से – एकपक्षीय

अपील के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि ग्राम राजपुर पटवार हल्का राजपुर तहसील शाहाबाद के खाता संख्या नई 222 पुरानी 218 में आराजी खसरा नम्बर 238/660 रकबा 12.02 बीघा किस्म डांडा, खाता संख्या नई 223 पुरानी 219 में आराजी खसरा नम्बर 238 रकबा 2.17 बीघा किस्म बारानी तृतीय तथा खाता संख्या नई 221 पुरानी 217 में आराजी खसरा नम्बर 218 रकबा 0.07 बीघा किस्म खेडा प्रथम, खसरा नम्बर 228 रकबा 0.05 बीघा किस्म खेडा प्रथम तथा खसरा नम्बर 388 रकबा 6.02 बीघा किस्म बारानी दोयम स्थित है। उक्त आराजी खाता संख्या 221 की आराजी अपीलाण्ट तथा अपीलाण्ट की सगी बहिन रेस्पोडेण्ट कम 1 विधा के नाम संयुक्त खाता दर्ज है। खाता संख्या 222 की आराजी अपीलाण्ट, रेस्पोडेण्ट कम 1 विधा तथा रेस्पोडेण्ट कम 2 मथुरा के नाम संयुक्त रूप से हिस्सा 2/9, रेस्पो. कम 3 बावूलाल के नाम हिस्सा 1/9, रेस्पो. कम 4 बवलू के नाम हिस्सा 2/9, रेस्पो. कम 5 विधाबाई के नाम हिस्सा 1/9, रेस्पो. कम 6 ज्ञानी व 7 प्रसादी के नाम संयुक्त रूप से हिस्सा 1/9 तथा रेस्पो. कम 8 भमरू के नाम हिस्सा 2/9 दर्ज है तथा खाता संख्या 223 की आराजी अपीलाण्ट, रेस्पोडेण्ट कम 1 विधा तथा रेस्पोडेण्ट कम 2 मथुरा के नाम संयुक्त रूप से खाते दर्ज है। अपीलान्ट तथा रेस्पोडेन्ट कम 1 सगी बहनें हैं, जो खातेदार अर्जुन पुत्र जयगोविन्द कौम किराड सकिन राजपुर की सगी पुत्रियां होकर वैधानिक वारिस एवं उत्तराधिकारी हैं, जिनके नाम प्रश्नगत [illegible] नामान्तरण के जरिये खातेदार अर्जुन की विरासत दर्ज की [illegible] का घरेलू बोलता नाम मानो है तथा रिकार्डेड नाम गुलाबी बाई है, [illegible] अपीलाण्ट के आधारकार्ड, बैंक खाता, जन आधारकार्ड, राशनकार्ड तथा मतदाता परिचयपत्र में दर्ज है। वक्त

Signature Not Verified
Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2023.02.13 16:56:20 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
शाहाबाद

Scanned with CamScanner

तस्दीक प्रश्नगत फौती नामान्तरण अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलाण्ट के नाम की सम्पूर्ण जानकारी लिये बिना प्रश्नगत फौती नामान्तरण में अपीलाण्ट का घरेलू बोलता नाम मानो दर्ज कर दिया, जबकि गुलाबी बाई अथवा गुलाबी बाई उर्फ मानो दर्ज किया जाना चाहिये था, इस कारण प्रश्नगत फौती नामान्तरण निरस्त किये जाने योग्य है। अपीलाण्ट तथा रेस्पोडेण्ट कम 1 का सगा कोई भाई नहीं है तथा वक्त तस्दीक प्रश्नगत फौती नामान्तरण अपीलाण्ट तथा रेस्पोडेण्ट कम 1 अपनी ससुराल मे थीं, जिन्हे प्रश्नगत नामान्तरण तस्दीक किये जाने के पूर्व कोई सूचना नहीं दी गई और ना ही कोई पूछताछ की गई और अपने स्तर पर ही अपीलाण्ट का घरेलू नाम मानो दर्ज कर प्रश्नगत नामान्तरण दर्ज कर दिया, जो निरस्त किये जाने योग्य है। दिनांक 13.07.2020 को केसीसी बनवाने हेतु हल्का पटवारी से नकल जमाबंदी प्राप्त करने पर सर्वप्रथम प्रश्नगत नामान्तरण का ज्ञान अपीलान्ट को हुआ, ज्यों ही ज्ञान हुआ कि दिनांक 16.07.2020 को हल्का पटवारी से प्रश्नगत नामान्तरण की नकल प्राप्त की परन्तु हल्का पटवारी द्वारा प्रश्नगत नामान्तरण की अधूरी तथा अस्पष्ट नकल दे दी गई, तदुपरान्त कोरोना महामारी के चलते लाकडाउन होने से अपीलाण्ट प्रश्नगत नामान्तरण की स्पष्ट तथा सम्पूर्ण नकल प्राप्त करने में असमर्थ रहा। लाकडाउन में रियायत होने पर दिनांक 12.10.2020 को अपीलाण्ट ने प्रश्नगत नामान्तरण की पुनः स्पष्ट तथा सम्पूर्ण नकल प्राप्त की है। इस प्रकार यह अपील अन्दर मियाद माननीय न्यायालय में पेश है। पूर्व नकल अस्पष्ट तथा अधूरी होने से एवं वैश्विक कोरोना महामारी प्रकोप के चलते लाकडाउन होने से अपील पेश किये जाने में जो विलम्ब हुआ है, वह सकारण क्षमा किये जाने योग्य है। डिले कंडोन हेतु प्रार्थना पत्र दफा 5 भारतीय मर्यादा अधिनियम साथ संलग्न है। रेस्पोडेण्ट कम 3,4,6,7व 8 की मृत्यु हो चुकी है। रेस्पो. कम 3 के 3/1 लगायत 3/3, रेस्पो. कम 4 के लाऔलाद फौत होने से बवलू के भाई पन्ना का पुत्र होकर कम 4/1, रेस्पो. कम 6 के 6/1 व 6/2, रेस्पो. कम 7 के 7/1 लगायत 7/4 तथा रेस्पो. कम 8 के 8/1 लगायत 8/4 वैधानिक वारिसान उत्तराधिकारी हैं, जिनके विरूद्व अपील पेश है। अतः अपील पेश कर श्रीमान से प्रार्थना है कि अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर प्रश्नगत फौती नामान्तरकरण नम्बर 362 ग्राम राजपुर तहसील शाहाबाद को निरस्त किया जावे और अपीलाण्ट का नाम मानो के स्थान पर गुलाबी बाई अथवा गुलाबी बाई उर्फ मानो दर्ज किया जाकर पुनः नामान्तरण तस्दीक किये जाने के सादर आदेश पारित फरमाये जाने की कृपा करें।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पो. की तलबी की गई। रेस्पो. के विरूद्व बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहने से एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। अधिवक्ता अपीलाण्ट की एकपक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध नकल नामान्तरण नंबर 362 ग्राम राजपुर के जरिये खातेदार अर्जुन की विरासत दर्ज की गई है, जो सही है। अपीलाण्ट के कथनानुसार इस नामान्तरण में अपीलाण्ट का नाम मानो दर्ज किया गया है, जबकि अपीलाण्ट का रिकार्डेड एवं सही नाम गुलाबी है। पत्रावली में संलग्न प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत राजपुर दिनांक 16.07.20, प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत ढिकवानी दिनांक 22.07.20, अपीलाण्ट का आधारकार्ड, राशनकार्ड, जन आधारकार्ड, मतदाता परिचयपत्र तथा बैंक खाता पासबुक में अपीलाण्ट का नाम गुलाबी दर्ज है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2023.02.13 16:56:20 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
शाहाबाद

Scanned with CamScanner

उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर अपील अपीलाण्ट स्वीकार की जाकर प्रश्नगत नामान्तरण नम्बर 362 ग्राम राजपुर को निरस्त कर प्रकरण तहसीलदार शाहावाद को इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया जाता है कि अपीलाण्ट के नाम के बावत भलिभांति जांच कर पुनः नामान्तरण दर्ज करें। पालनार्थ तहसीलदार शाहावाद को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 12.11.2022 को लोक अदालत में सुनाया गया। प्रकरण पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
शाहाबाद

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2023.02.13 16:56:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner